पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,उत्तर प्रदेश

# मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ : 23 नवम्बर, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सभी के सुखमय, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

मुख्यमंत्री जी ने अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परम्परा में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। यह पावन पर्व श्रद्धा, आस्था, भक्ति, दान, सेवा और लोककल्याण की प्रेरणा प्रदान करता है। कार्तिक मास में स्नान, ध्यान, पूजा–अर्चना एवं दीपदान की परम्परा हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने इसी पावन तिथि पर मत्स्य अवतार धारण कर प्रलय के समय वेदों एवं सृष्टि की रक्षा की थी। वहीं, भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का संहार कर अधर्म एवं आसुरी शक्तियों का अन्त किया था। इसी कारण कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा एवं देव दीपावली के रूप में भी विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सत्य की विजय, धर्म की प्रतिष्ठा तथा लोकमंगल की शाश्वत भारतीय चेतना का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र नदियों में स्नान, दीपदान तथा जरूरतमन्दों की सेवा एवं दान–पुण्य का विशेष महत्व है। काशी की देव दीपावली इस पावन पर्व की दिव्यता, भव्यता और हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परम्पराओं का अनुपम उदाहरण है। माँ गंगा के तट पर प्रज्ज्वलित असंख्य दीप हमारी आस्था, आध्यात्मिक चेतना और भारतीय संस्कृति के प्रकाश को जन–जन तक पहुँचाते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय पर्व एवं त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये समाज में सद्भाव, समरसता, सेवा, करुणा एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा का यह पावन अवसर हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन तथा मानवता के कल्याण के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री जी ने कामना की कि भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान भोलेनाथ की कृपा से यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे तथा प्रदेश में सामाजिक सद्भाव, आपसी समरसता और लोककल्याण की भावना और अधिक सुदृढ़ हो।

———————